## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 11.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना जसपुरा पुलिस द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से लूट के आभूषण व नगदी बरामद।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि जनपद फतेहपुर के रहने वाले ननकू निषाद द्वारा दिनांक 09.08.2025 को थाना जसपुरा पर सूचना दी कि दिनांक 08.08.2025 की रात्रि को अपनी पत्नी व उसकी बहन को लेकर थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर अपने ससुराल जा रहा था तभी तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आये और उसकी पत्नी के मंगलसूत्र व अन्य आभूषण छीन कर भाग गये। सूचना पर तत्काल थाना जसपुरा पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस आज दिनांक 11.08.2025 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तीनों अभियुक्तों को ग्राम झंझरीपुरवा से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लूट के आभूषण व आभूषण की बिक्री के 21 हजार रुपये तथा जामा तलाशी में 1695 रुपये बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- 21 हजार रुपए नगद (लूट के आभूषण की बिक्री से प्राप्त)
- 01 हाफ पेटी सफेद धातु
- 1695 रुपये जामा तलाशी में

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. शिवा सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी कस्बा व थाना जसपुरा जनपद बांदा।
2. आदर्श सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी कस्बा व थाना जसपुरा जनपद बांदा।
3. हिमांशु सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी कस्बा व थाना जसपुरा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 109/25 धारा 115(2)/309(2)/317(2) बीएनएस थाना जसपुरा जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री आकाश
2. उ0नि0 श्री प्रवेश कुमार
3. कां0 अरविन्द कुमार
4. कां0 गौरव परिहार
5. कां0 विक्रम सिंह